# प्रेस नोट दि0-25.02.2026

**प्रेस नोट दिनांक- 25.02.2026**
**थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़**

**हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार-**

**थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा 01अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत गौरा माफी कब्रिस्तान के पास से किया गया गिरफ्तार-**

**गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर किया गया बरामद-**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**
**दिनांक 11.12.2025 को वादी निवसी ग्राम पूरेधनी थाना आसपुर देवसरा के भाई को घर से बुलाकर आरोपीगणों द्वारा तमन्चे से गोली मारकर घायल कर देने के प्रकरण में थाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 345/25 धारा 109(1)/61 (2)/3(5) बीएनएस बनाम 06 नामजद व 02 व्यक्ति अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।**

**पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा श्री राकेश चौरसिया के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 सचिन कुमार पटेल मय हमराह उ0नि0 संजय कुमार,का० कैलाश यादव,का0 नीरज पटेल द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 345/25 धारा 109(1)/61 (2)/3(5) बीएनएस बढोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित 01-अभियुक्त शिवा सिंह पुत्र आशीष सिंह उर्फ राजू सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम डिहिआ थाना खुटहन जनपद जौनपुर को थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत गौरा माफी कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
**01. अभियुक्त शिवा सिंह पुत्र आशीष सिंह उर्फ राजू सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम डिहिआ थाना खुटहन जनपद जौनपुर।**

**बरामदगी-**
**01- अभियुक्त की निशादेही पर 01अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद ।**

**पुलिस टीम-**
**उ0नि0 सचिन कुमार पटेल मय हमराह उ0नि0 संजय कुमार,का० कैलाश यादव,का0 नीरज पटेल थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ ।**

**प्रेस नोट दिनांक 25.02.2026**
**थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़**

**प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-**

**थाना उदयपुर पुलिस द्वारा 04 जिन्दा नाजायज देशी बम के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-**

**अभियुक्त  मो० शहीद पर जनपद प्रतापगढ़ में गोवध अधिनियम, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, विस्फोटक अधिनियम जैसे लगभग 07 गंभीर अभियोग पंजीकृत हैं-**

**अभियुक्त को थाना उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुरे भगवत के पास से गिरफ्तार किये गये-**

**पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी उदयपुर के नेतृत्व में उ0नि0 सत्यम तिवारी मय हमराह हे0का0 श्रीप्रकाश द्वारा देखभाल क्षेत्र संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुरे भगवत के पास से  01 अभियुक्त मो0 शहीद पुत्र स्व0 अजीम निवासी ग्राम कुम्भी आईमा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष को 04 अदद जिन्दा नाजायज देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया।**

**अभियुक्त के पास से 04 अदद जिन्दा नाजायज देशी बम की बरामदगी के संबंध में थाना उदयपुर में मु0अ0स0 35/26 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।**

**अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं कुंभी आइमा के आस पास गौकशी करता हूं यदि कोई अवरोध आता है तो इसी बम का प्रयोग कर भाग जाता हूं।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
**01. मो0 शहीद पुत्र स्व0 अजीम निवासी ग्राम कुम्भी आईमा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**
**01- मो0 शहीद पुत्र स्व0 अजीम निवासी ग्राम कुम्भी आईमा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष का आपराधिक इतिहास-**
**01. मु0अ0सं0 23/19 धारा 3/5/8 गो0वध अधि0 थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**02. मु0अ0सं0 24/19 धारा 307 भा0द0वि0 थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**03. मु0अ0सं0 108/20 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**04. मु0अ0सं0 216/22 धारा 3/5/8 गो0वध अधि0 थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**05. मु0अ0सं0 02/24 धारा 3(1) उ0प्र0गुण्डा एक्ट थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**06. मु0अ0सं0 199/24 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**
**07. मु0अ0स0 35/26 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना उदयपुर, प्रतापगढ़।**

**बरामदगी-**
**04 अदद जिन्दा नाजायज देशी बम।**

**पुलिस टीम का विवरण-**
**उ0नि0 सत्यम तिवारी मय हमराह हे0का0 श्रीप्रकाश थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।**

**प्रेस नोट दिनांक 25.02.2026**
**थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**

**थाना रानीगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-**

**पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना रानीगंज के उ0नि0 शिवेन्द्र कुमार यादव मय हमराह,कां0 पवन कुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन तलाश वांछित, वारंटी / प्रार्थना पत्र की जांच के मु0नं0 416/22 धारा 3/25 ARMS ACT से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त पवन पाण्डेय पुत्र सतीश पाण्डेय उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम थाहीपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को रानीगंज बाजार में रेलवे स्टेशन मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
**01. पवन पाण्डेय पुत्र सतीश पाण्डेय उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम थाहीपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**

**आपराधिक इतिहास-**
**अभियुक्त पवन पाण्डेय पुत्र सतीश पाण्डेय निवासी ग्राम थाहीपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ का आपराधिक इतिहास-**
**01. मु0अ0सं0 83/2024 धारा 147,307,323,386,504,506 भादवि थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ।**
**02. मु0अ0सं0 198/2024 धारा 109,190,191(2),191(3), 310(2),317(3), 352 बीएनएस व 25,27,3 आर्म्स एक्ट थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।**
**03. मु0अ0सं0 87/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।**
**04. मु0अ0सं0 491/2024 धारा 309(4),317(2),351(2),352 बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।**
**05. मु0अ0सं0 325/2022 धारा 147,148,149,323,504,506 भादवि थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**
**06. मु0अ0सं0 399/2022 धारा 147,148,149,286,307,323,504,506 भादवि थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**
**07. मु0अ0सं0 416/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**
**08. मु0अ0सं0 60/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।**

**पुलिस टीम-**
**उ0नि0 शिवेन्द्र कुमार यादव मय हमराह,कां0 पवन कुमार यादव थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़।**

**प्रेस नोट दिनांक : 25.02.2026**
**जनपद : प्रतापगढ़**

**गंभीर अपराधों में संलिप्त 04 वांछित/फरार अभियुक्तों पर ₹25,000-₹25,000/- का इनाम घोषित-**

**जनपद प्रतापगढ़ में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए 04 वांछित फरार अभियुक्तों पर ₹25,000/- (प्रत्येक) की पुरस्कार राशि घोषित की गई है।**

**थाना जेठवारा से संबंधित अभियोग-**
**थाना जेठवारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2026 धारा 3(5)/115(2)/352(3)/127(2)/319(2)/318(4)/338(3)/336(3)/340(2) बीएनएस तथा 3/5(1) उत्तर प्रदेश धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित निम्नलिखित वांछित अभियुक्तों पर ₹25,000/- (प्रत्येक) की पुरस्कार राशि घोषित की गई है—**
**01. कल्लू पुत्र मुनीर निवासी कुटलिया थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।**
**02. नईम पुत्र मुनीर निवासी कुटलिया थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।**
**03. निजाम पुत्र जैनुद्दीन (वर्तमान मौलाना दाउदनगर मस्जिद) निवासी कुटलिया थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।**

थाना कुण्डा से संबंधित अभियोग-

थाना कुण्डा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/2026 धारा 140(1), 352, 351(3), 238, 3(5) बीएनएस से संबंधित निम्नलिखित वांछित अभियुक्त पर ₹25,000/- की पुरस्कार राशि घोषित की गई है—

01. सत्यम मिश्रा पुत्र दिनेश चन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम नई बाजार थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़।

उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा नियमानुसार घोषित पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रतापगढ़ पुलिस जनपदवासियों की सुरक्षा हेतु सतत रूप से प्रतिबद्ध है।

**प्रेस नोट दिनांक 25.02.2026**
**थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ ।**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना जेठवारा पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त जय प्रकाश उर्फ अनुज को किया गया गिरफ्तार-

थाना जेठवारा पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिरसा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा श्री विजयकान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में उ0नि0 अरुण कुमार मौर्या मय हमराह का0 दिलीप यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वारण्टी, वाछित अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 87/115 (2)/127(4)/64(2)M बीएनएस थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त, 1. जय प्रकाश उर्फ अनुज पुत्र रविकरन नि० अमलोहरा थाना बिसण्डा जनपद बांदा को थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिरसा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. जय प्रकाश उर्फ अनुज पुत्र रविकरन नि० अमलोहरा थाना बिसण्डा जनपद बांदा।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 अरुण कुमार मौर्या मय हमराह का0 दिलीप यादव थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ ।